मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः20.04.2025

प्रोजेक्ट मिलन के तहत परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को मिली बड़ी सफलता, काउंसिलिंग के माध्यम से 15 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया —

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "सोमेन बर्मा" के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को बड़ी सफलता मिली है । आज दिनांक 20.04.2025 को जनपद मीरजापुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 15 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुई काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया । उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे ।

परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान महिला उप निरीक्षक-रीता यादव, महिला निरीक्षक शशि तिवारी, महिला उप निरीक्षक उषा सिंह, महिला आरक्षी सावित्री यादव व सपना, ओ0पी0सुनीता सहित सदस्यगण कृष्णा सिंह, डा0 सुरेश चन्द्र जायसवाल व निर्मला राय मौजूद रहीं ।